संख्या-34/2025/पी-326/अड़तीस-7-2025-ई-9099(99)/36/2023

प्रेषक,

अजय कुमार मिश्र,
अनु सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

मुख्य कार्यपालक अधिकारी,
उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण
लखनऊ।

ग्राम्य विकास अनुभाग-7 **लखनऊ : दिनांक-21 जुलाई, 2025**

विषय-प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत नई तकनीकी से निर्माण हेतु Full Depth Reclamation/Stabilization with Cement and Additive मद के दर के निर्धारण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-6592/टी-252/यूपीआरआरडीए/2025, दिनांक 01.05.2025 एवं पत्र संख्या-7474/टी-252/यूपीआरआरडीए/2025, दिनांक 30.06.2025 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से राज्य स्तरीय स्थायी समिति के कार्यवृत्त के एजेण्डा बिन्दु संख्या-3 में दिये गये निर्देश के क्रम में गठित समिति द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत नई तकनीकी से निर्माण हेतु Full Depth Reclamation/Stabilization with Cement and Additive मद के दर के निर्धारण के सम्बन्ध में दिनांक 28.04.2025 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की प्रति प्रेषित करते हुए संस्तुति रिपोर्ट/दर विश्लेषण पर शासन की सहमति/अनुमोदन प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में दिनांक 29.03.2025 को अभिकरण कार्यालय के सभागार में सम्पन्न प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की राज्य स्तरीय स्थायी समिति की बैठक में नई तकनीक एफ0डी0आर0 के मार्गों पर प्राप्त हो रही कम दरों के निविदाओं के दृष्टिगत 07 सदस्यीय समिति गठित कर एफ0डी0आर0 बेस के निर्माण की निर्धारित दर को संशोधित कराये जाने के निर्देश दिये गये थे।

उक्त गठित समिति की दिनांक 28.04.2025 को अपराह्न 02:00 बजे आयोजित बैठक के कार्यवृत्त द्वारा अवगत कराया गया है कि अपर मुख्य सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0 शासन के स्तर से प्रदेश में नई तकनीकी Full Depth Reclamation (FDR) से निर्माण हेतु प्रस्तावित मार्गों के डी0पी0आर0 गठन हेतु इस तकनीक के दर के निर्धारण हेतु अभिकरण कार्यालय के पत्र सं0 2795/टी-252/यूपीआरआरडीए/2021 दिनांक 23.02.2021 द्वारा एक सेट ऑफ मशीनरी से प्रतिदिन 2000 वर्ग मीटर के आउटपुट के आधार पर एफ0डी0आर0 बेस

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

के निर्माण का दर रू0 3883.00 प्रति घन मीटर तथा SAMI का दर रू0 75.00 प्रति वर्ग मीटर निश्चित की गयी थी। शासनादेश में यह उल्लेख था कि लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 द्वारा एफ0डी0आर0 तकनीक के साथ निर्माण हेतु एस0ओ0आर0 जारी किये जाने तक निर्गत दरें मान्य रहेंगी।

3- एफ0डी0आर0 तकनीक के साथ निर्माण हेतु स्वीकृत मार्गों की आमंत्रित निविदाओं में पीएमजीएसवाई-।।। के बैच-1 वर्ष 2020-21, बैच-1 एवं बैच-2 वर्ष 2021-22 में स्वीकृत मार्गों पर औसतन 7.82 प्रतिशत कम दरों पर निविदायें प्राप्त हुयी थी तथा बैच-1 वर्ष 2023-24 में स्वीकृत कार्यों पर औसतन 33.4 प्रतिशत कम दरों पर निविदायें प्राप्त हुयी हैं। इन कम दरों की निविदाओं के सम्बन्ध में सम्बन्धित ठेकेदारों से जानकारी करने पर ज्ञात हुआ है कि पूर्व में एफ0डी0आर0 मार्गों पर प्रयोग होने वाले एडिटिव के 4-5 ब्राण्ड मार्केट में उपलब्ध थे तथा पूरे देश में एफ0डी0आर0 की मशीनरी के सेट भी 40 ही उपलब्ध थे, परन्तु वर्तमान में मार्केट में लगभग 11-12 एडिटिव उपलब्ध हैं तथा मात्र उत्तर प्रदेश में 45 सेट ऑफ मशीनरीज उपलब्ध हैं, जिस कारण से एफ0डी0आर0 मार्गों के निविदाओं में कम दरें प्राप्त हो रही हैं।

4- लोक निर्माण विभाग द्वारा एफ0डी0आर0 तकनीक के साथ बेस के निर्माण हेतु प्रमुख अभियन्ता, (ग्रामीण सड़क), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ की अध्यक्षता में दिनांक 24.08.2024 को फुल डेप्थ रिक्लमेशन (एफ0डी0आर0) तकनीक से सड़क निर्माण की प्रक्रिया के निर्धारण के सम्बन्ध में सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त सं0-172 सी0ई0सी0जेड-कैम्प (एफ0डी0आर0 तकनीक-दर निर्धारण)/2024 दिनांक 27.08.2024 द्वारा निम्नानुसार एफ0डी0आर0 रेट का एनालिसिस निर्गत की गयी है-

Stabilized Base (FDR Technology) Analysis of Rate

Stablized Base (FDR Technology)	Unit	Quantity (Small Project)
Providing, laying, spreading and compacting of existing granular material adding cement and admixing using truck mounted / self propelled cement spreader shall have variable working width with microprocessor, controlled spray rate through augers and cellular wheels. The aggregate shall be in situ pulverized / stabilize using four wheeled drive recycler having working depth up to 50 cm with variable depth control system. Compacting with vibratory roller. Pneumatic roller and vibratory pad foot pad roller (20 tonne) to achieve design unconfined compressive strength. Unit = cum		
a) Labour Taking output =	225	495 tonnes
1- Mate	Day	0.480
2- Mazdoor Skilled	Day	2.000
3- Mazdoor Unskilled	Day	10.000
b) Machinery		
1- Motor Grader 3.7 metre blade	Hour	6.000
2- Vibratory roller 8-10 tonne (6x0.65)	Hour	3.900
3- Vibratory Pad Foot Roller (20 tonne)	Hour	3.900

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

4- Pneumatic Type Roller	Hour	3.750
5- Front end loader for loading to tipper (2.1 cum capacity)	Hour	2.640
6- Water Tanker 16 KL Capacity	Hour	2.336
7- Cement Spreader	Hour	2.940
8- Stabilizer	Hour	3.750
c) Material (Table 400-11)		
1- Cement @ 4.5 percent by Wt of granular material	Tonne	22.275
2- Additive @ 2% by wt of Cement	Tonne	0.446
3- Cost of water	kl	163.350
d) Overhead charges		@10% on (a+b+c)
e) Contractor's profit		@ 10% on (a+b+c)

5- लोक निर्माण विभाग द्वारा एफ0डी0आर0 बेस के निर्गत किये गये दर विश्लेषण में तथा एडिटिव की दर प्रति घनमीटर रू0 1000.00 एवं सीमेन्ट की मात्रा 3.5 प्रतिशत के प्रावधान के साथ एफ0डी0आर0 बेस का प्रतिघन मीटर संशोधित दर निम्नांकित है-

	In-Situ stabilization of soil and granular material (freshly added or existing on the road) for construction of Stabilized Base to the required depth with reclaimer using cement and commercial chemical stabilizer (CCS) / Additive at the appropriate rate as per Job Mix Design in accordance with IRC:SP-72-2015, IRC:SP-37-2018 and IRC:SP-89 (Part-II)-2018. Cement @ 3 - 5% and CCS / Additive should be spread on the road pavement by using PLC controlled mobile truck mounted containerized cement spreader. The In-Situ stabilization process shall be carried out by a mobile and self propelled stabilizer / reclaimer of working width 2.0m to 2.4 m and minimum Power of 300kw to 515kw with a variable working depth upto 50cm with simultaneous addition of water to achieve the moisture of the mix at OMC by using machine integrated spray bars fitted on the wheeled self-propelled truck mounted water tanker. The resultant stabilized mix then would be profiled to the required grade level and thickness using motor grader and then mix would be compacted using 20 Ton Pad Foot Roller, thereafter road surface shall again be profiled to the required grade and camber by motor grader. After the profiling the stabilized base should again be compacted using smooth wheeled vibratory roller followed by Pneumatic tyre roller to achieve desired Proctor density complete in all respect including curing with water using sprinkler for 07 days with all materials, labour and machineries etc. The entire in-situ process would be carried out in single pass with milling and pulverizing of soil, aggregates, cement , additive and moisture and profiling to the required grade and camber using motor grader and compacting with Pad Foot Roller + Tandom Roller + Pneumatic tyre roller to achieve the required proctor density and completing all this process in two hours for the selected pass. The Unconfined Compressive Strength (UCS) is to be achieved 4.5 / 7.0 MPa for 7 / 28 days including flexural strength , durability and residual strength as per IRC-SP-72-2015 , IRC-37-2012 & 2018. The train of equipments to be used are binder spreader-water Tanker- PLC controlled cement spreader truck, Recycler- Padfoot Roller (20 Tonne) + Single Drum Compactor - Grader - Tandom Roller- Pneumatic Tyre Roller (20 Tonne).				
	Output	225	Cum	495	tonnes
S.N	Description	Unit	Quantity	Rate	Amount
A	Labour (Mazdoor)	-			
	1-Mate	day	0.48	350.00	168.00
	2-Mazdoor Skilled	day	2	350.00	700.00
	3-Mazdoor unskilled	day	10	335.00	3350.00
B	Machinery				
	1-Motor Grader 3.7 metre blade (Motor Grade 150 HP)	hour	6	5419.00	32514.00

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

	2-Vibratory roller 8-10 tonne (6x0.65) (Vibratory Roller Smooth Drum)	hour	3.9	2429.00	9473.00
	3-Vibratory Pad Foot Roller (20 tonne)	hour	3.9	4200.00	16380.00
	4-Pneumatic Type Roller (PTR) (Pneumatic Type Roller)	hour	3.75	2440.00	9150.00
	5-Front end loader for loading to tipper (2.1 cum capacity)	hour	2.64	2515.00	6639.00
	6-Water Tanker 16 KL Capacity	hour	2.336	1270.00	2966.72
	7-Cement Spreader	hour	2.94	7905.00	23240.70
	8-Stabilizer (Recycler Machine)	hour	3.75	30277.00	113538.75
C	Material				
	cement at site @3.5% by weight of soil treated stabilised Ba	tonne	17.325	6000.00	103950.00
	Additive per cum of stabilsed Baser @ Rs. 1000 per cum	cum	225	1000.00	225000.00
	Cost of Water	KL	163.35	60.00	9801.00
d	Total				556871.87
e	Overhead & C.P @ 12.5 %				69608.98375
	Grand Total				626480.8538
	Cost per cum				2784.35935
	Say				2784.00

उपरोक्तानुसार पूर्व के प्रस्तावों में प्रयुक्त की गयी एफ0डी0आर0 बेस की दर रू0 3760.00 के स्थान पर उपरोक्त एनालिसिस के अनुसार आगणित दर रू0 2784.00 प्रति घन मीटर किये जाने हेतु मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण द्वारा प्रेषित प्रस्ताव के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत नई तकनीकी से निर्माण हेतु Full Depth Reclamation/Stabilization with Cement and Additive मद के दर के निर्धारण के सम्बन्ध में उपरोक्तानुसार अभिरकण द्वारा प्रेषित प्रस्ताव को शासन द्वारा सहमति/अनुमोदन प्रदान किया जाता है। तद्नुसार कृपया अग्रेतर कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

अजय कुमार मिश्र
अनु सचिव।

संख्या-34/2025/पी-326/अड़तीस-7-2025-ई-9099(99)/36/2023, तददिनांक।

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, ग्राम्य विकास विभाग/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0 शासन।

2- आयुक्त, ग्राम्य विकास, उत्तर प्रदेश।

आज्ञा से,

अजय कुमार मिश्र
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in